वैबसाइट/ई-मेल के माध्यम से

स.12015/03/2020- रा.भा.(त.क.)

राजभाषा विभाग

गृह मंत्रालय

(तकनीकी कक्ष)

एन.डी.सी.सी. II भवन

चौथा तल, जय सिहं रोड, नई दिल्ली-110001

दिनांक:19/08/2020

कार्यालय ज्ञापन

विषय: स्मृति आधारित अनुवाद टूल "कंठस्थ" के माध्यम से अनुवाद प्रतियोगिता का आयोजन।

राजभाषा विभाग द्वारा दिनांक **22 अगस्त 2020 से 07 सितम्बर 2020 के** दौरान कंठस्थ के माध्यम से अनुवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है । इस प्रतियोगिता का उद्देश्य कंठस्थ के ग्लोबल डेटा बेस को सुदृढ़ करना है ताकि इस टूल का प्रयोग करने वाले सभी प्रयोक्ता लाभन्वित हो सकें । **सर्वाधिक TM (Translation Memory) जोड़ने वाले प्रथम दस अनुवादकों तथा दस जांचकर्ताओं को सचिव, राजभाषा विभाग द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा।**

इस प्रतियोगिता के **नियम/शर्तें** निम्नानुसार है -

1. इस प्रतियोगिता में केंद्र सरकार के सभी मंत्रालयों/ विभागो/कार्यालयों, राष्ट्रीयकृत बैंको तथा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में राजभाषा /अनुवाद के क्षेत्र में काम करने वाले अधिकारी/ कर्मचारी भाग ले सकते हैं ।
2. प्रतिभागियों को अंग्रेजी तथा हिन्दी भाषा में अनुवाद के ज्ञान के साथ-साथ कंप्यूटर पर हिन्दी में काम करने की जानकारी भी होनी चाहिए ।
3. प्रतिभागी अनुवाद कार्य कंठस्थ के वैब संस्करण के माध्यम से ही करेगा अत: प्रतिभागी कंठस्थ के वैब संस्करण पर पंजीकृत होना चाहिए । प्रतिभागी अपने स्थान से ही प्रतियोगिता में भाग ले सकता है ।
4. प्रतिभागी स्वयं के स्तर पर कंप्यूटर/ लैपटाप तथा इन्टरनेट की उपलब्धता सुनिश्चित करें।
5. प्रतियोगिता के लिए अलग से पंजीकरण करने की आवश्यकता नहीं होगी ।
6. दिनांक **22 अगस्त 2020 से 07 सितम्बर 2020** के मध्य कंठस्थ ग्लोबल टीएम पर अपलोड किए गए अनुवाद कार्य टीएम (TM) की गणना प्रतियोगिता के लिए की जाएगी। उक्त अवधि के दौरान ग्लोबल टीएम में कम से कम 500 टीएम अपलोड करने वाले

प्रतिभागियों को ही प्रतियोगिता में सम्मिलित माना जाएगा । 1 वाक्य को कंठस्थ में 1 टीएम के रूप में माना गया है ।

7. टीएम की गणना करते समय सिस्टम द्वारा अंको, संक्षिप्त नाम (abbreviation) तथा 10 शब्दों से कम शब्दों वाली टीएम की गणना नहीं की जाएगी ।
8. ग्लोबल टीएम (TM)पर केवल अधिकृत जांचकर्ता (Vetter) के द्वारा ही डेटा अपलोड किया जा सकता है।
9. अनुवादक /राजभाषा अधिकारी तथा जांचकर्ता ग्लोबल टीएम पर डेटा अपलोड करते समय टीएम की वर्तनी, वाक्य संरचना तथा अनुवाद आदि की तथ्यपरकता एवं गुणवत्ता आदि का ध्यान रखें। तथ्यपरक वाक्यों को ही डेटाबेस में डाला जाये।

10. सहायता -

1.जिन मंत्रालयों /विभागो/कार्यालयो/बैंकों/उपक्रमों आदि ने कंठस्थ के सैंट्रल सर्वर पर डेटा अपलोड (ग्लोबल टी एम) करने के लिए अपने कार्यालय से जांचकर्ता को अधिकृत नही कराया है, वे अपने कार्यालय से निम्न फॉर्मेट में सूचना उपनिदेशक /संयुक्त निदेशक /निदेशक के माध्यम से techcell-ol@nic.in पर भेज कर जांचकर्ता को अधिकृत करा सकते हैं ।

क्रम संख्या	मंत्रालय/विभाग का नाम	जांचकर्ता (vetter) का नाम व पदनाम	कंठस्थ का यूजर आईडी	मोबाइल संख्या	ई-मेल आईडी	पुष्टि करने वाले अधिकारी का नाम व पदनाम

2.प्रतियोगिता के समय किसी भी प्रकार की तकनीकी सहायता के लिए राजभाषा विभाग तथा सी-डैक की निम्न टीम सहायता प्रदान करेगी-

क्रम सं	**नाम व पदनाम**	**संस्थान**	**मोबाइल नंबर**	**ई-मेल आई डी**
1	श्री शशिपाल, संयुक्त निदेशक	सी-डैक, पुणे	9371542211	shashis@cdac.in
2	श्री दीपक कुमार, निरीक्षक	राजभाषा विभाग	9568400689	techcell-ol@nic.in
3	श्री नीलेश, प्रोजेक्ट इंजीनियर	सी-डैक पुणे	8275332508	nileshp@cdac.in

3. कंठस्थ के प्रयोग के लिए एक वीडियो राजभाषा विभाग की वेबसाइट पर कंठस्थ टूल के अंतर्गत उपलब्ध है।
4. कंठस्थ के प्रयोग हेतु प्रशिक्षण पुस्तिका भी कंठस्थ की वेबसाइट पर उपलब्ध है ।

परिणाम -

प्रतियोगिता का परिणाम हिन्दी दिवस के शुभ अवसर पर दिनांक **14 सितंबर 2020** को राजभाषा विभाग की वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा।

पुरस्कार -

1. ग्लोबल डेटा बेस मे सर्वाधिक TM जोड़ने वाले प्रथम 10 प्रतिभागियों (अनुवाद अधिकारियों/ राजभाषा अधिकारियों/ कर्मचारियों) को सचिव, राजभाषा द्वारा हस्ताक्षरित प्रशस्ति पत्र विजेताओं के कार्यालयाध्यक्ष के माध्यम से प्रदान कराये जाएंगे ।
2. ग्लोबल डेटा बेस मे सर्वाधिक TM जोड़ने वाले प्रथम 10 जांचकर्ताओं (Vetters) को सचिव,राजभाषा विभाग द्वारा हस्ताक्षरित प्रशस्ति पत्र विजेताओं के कार्यालयाध्यक्ष के माध्यम से प्रदान कराये जाएंगे ।
3. प्रथम दस विजेताओं के कार्यालयाध्यक्षों को सचिव (राजभाषा) द्वारा प्रशस्ति पत्र से सम्मानित जायेगा ।
4. प्रशस्ति पत्र प्राप्त करने वाले सभी विजेताओं तथा ग्लोबल टीएम में 5000 से अधिक टी एम अपलोड करने वाले प्रतिभागियों का विवरण (सचित्र) राजभाषा विभाग की वेबसाइट पर प्रदर्शित किया जाएगा तथा साथ ही राजभाषा विभाग द्वारा प्रकाशित की जाने वाली पत्रिका "राजभाषा भारती" में भी प्रकाशित किया जाएगा ।
5. ग्लोबल टीएम में 500 से अधिक टी एम अपलोड करने वाले प्रतिभागियों का विवरण (सचित्र) राजभाषा विभाग द्वारा प्रकाशित की जाने वाली पत्रिका "राजभाषा भारती" में प्रकाशित किया जाएगा ।

शिब्बो राम मीना
अवर सचिव (तकनीकी)

प्रति -

1. भारत सरकार के सभी मंत्रालय/ विभाग -अनुरोध है कि इस प्रतियोगिता को अपने संबंद्ध व अधीनस्थ कार्यालयों की जानकारी में लाएं ।
2. भारत सरकार के सभी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों तथा राष्ट्रीयकृत बैंको के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक - अनुरोध है कि इस प्रतियोगिता को अपने संबंद्ध व अधीनस्थ कार्यालयों की जानकारी में लाएं ।

3. सचिव, संसदीय राजभाषा समिति , नई दिल्ली
4. वरिष्ठ तकनीकी निदेशक , राष्टीय सूचना विज्ञान केंद्र - अनुरोध है कि इस कार्यालय ज्ञापन को राजभाषा विभाग की वेबसाइट पर अपलोड करवाएं ।
5. निदेशक, केन्द्रीय अनुवाद ब्यूरो तथा निदेशक, केन्द्रीय हिन्दी प्रशिक्षण संस्थान - अनुरोध है कि इस प्रतियोगिता को समस्त क्षेत्रीय उपनिदेशकों की जानकारी में लाएं ।
6. राजभाषा विभाग के क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय - अनुरोध है कि इस प्रतियोगिता को अपने क्षेत्र में स्थित केन्द्रीय सरकार के सभी कार्यालयों, उपक्रमों,बैंकों,वित्तीय संस्थाओ तथा केंद्र सरकार के स्वामित्व में आने वाले विश्वविद्यालयों ,शैक्षिक एवं प्रशिक्षण संस्थानों व नगर राजभाषा कार्यान्वयन समितियों की जानकारी में लाएं ।

शिब्बो राम मीना
अवर सचिव (तकनीकी)

"कंठस्थ प्रयोग हेतु मुख्य बिन्दु"

- कंठस्थ की वेबसाइट www.kanthasth-rajbhasha.gov.in है ।
- प्रयोक्ता पुस्तिका तथा अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्नो का संकलन कंठस्थ की वेबसाइट पर उपलब्ध है ।
- यूजर द्वारा बनाया गयी संक्षिप्त प्रयोक्ता पुस्तक भी कंठस्थ की वेबसाइट पर उपलब्ध है ।
- कंठस्थ में प्रोजेक्ट ,फोल्डर तथा फाइल के नाम में केवल वर्णमाला तथा संख्या को लिया जाता है तथा इसका पहला अक्षर वर्ण होना चाहिए । नाम के अंत में स्पेस नही होना चाहिए । प्रोजेक्ट व फोल्डर में अधिकतम वर्णो की संख्या 20 वर्ण तथा फाइल में अधिकतम वर्णो की संख्या 100 वर्ण तक ली जा सकती है । अधिकतम 20 MB तक के साइज की फाइल अनुवाद के लिए अपलोड किया जा सकती है।
- यूजर द्वारा जब फाइल को एडिटर पेज पर अनुवाद के लिए खोला जाता है तो फाइल पर उपलब्ध डेटा वाक्यो में दिखाई देता है । क्योकि सिस्टम फाइल में प्रयोग किए विशेष शब्द चिन्हो जैसे (लाइन विभाजन :/ प्रश्नवाचक चिन्ह ? डॉट . तथा पूर्णविराम ।) के आधार पर फाइल को वाक्यो में विभाजित करता है ।
- यूजर द्वारा कमिट किया गया कार्य टीएम के रूप में संरक्षित होता है जो प्रोजेक्ट तथा फोल्डर के आधार पर स्वत: ही निर्मित होती है ।
- यूजर द्वारा मेन्यू बार में show tm बटन की सहायता से उसके द्वारा किए गए कार्य को देखा जा सकता है तथा जांचकर्ता के माध्यम से ग्लोबल डेटा बेस में भेजा जा सकता है ।
- जांचकर्ता द्वारा समीक्षा बटन की सहायता से प्राप्त टीएम की जांच कर उन्हे ग्लोबल टीएम में भेजा जा सकता है ।
- स्रोत व लक्षित कॉलम दोनों ही एडिटेबल है । यूजर दोनों कॉलम में जिसमें भी सुधार की आवश्यकता हो सुधार कर सकते है ।
- कंठस्थ के प्रयोग में आ रही किसी भी समस्या हेतु समस्या के स्क्रीनशॉट के साथ निम्न नंबर पर संपर्क किया जा सकता है-

क्रम सं	नाम व पदनाम	संस्थान	मोबाइल नंबर	ई-मेल आई डी
1	श्री शशिपाल, संयुक्त निदेशक	सी-डैक, पुणे	9371542211	shashis@cdac.in
2	श्री दीपक कुमार, निरीक्षक	राजभाषा विभाग	9568400689	techcell-ol@nic.in
3	श्री नीलेश, प्रोजेक्ट इंजीनियर	सी-डैक पुणे	8275332508	nileshp@cdac.in